तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

10 जिला न्यायालय में महिला न्यायाधीशों एवं महिला कर्मचारियों का...



12 लाखों की लागत से बने स्टॉप डेम क्षतिग्रस्त, वन्यजीवों के ...



## खबर संक्षेप

### आज लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज का होली मिलन एवं बैठक

**धमतरी।** परिक्षेत्र स्तरीय साहू समाज का होली मिलन, कर्मा जंयती, रैली एवं 29 मार्च को कोलियारी धाम धमतरी के नए साहू समाज भवन में मां कर्मा मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए लिमतरा के परिक्षेत्रीय साहू समाज भवन में आज 11 बजे से बैठक रखी गई है। अध्यक्ष तरुण कुमार साहू ने सभी पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आज से

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय में अध्यनरत बीसीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों की सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 11 मार्च से आयोजित की जाएगी। विदित हो कि आंतरिक मूल्यांकन के अंक अंतिम परीक्षा के अंकों में जोड़े जाते हैं। आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। परीक्षा दो शिफ्ट में 13 मार्च तक होगी। यह जानकारी डायरेक्टर डॉ आशीष नामदेव ने दी है।

### सिवनीकला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 13 को

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला के गौशाला मैदान में श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं धर्मप्रेमी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 13 मार्च शुक्रवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है। शिविर में हड्डी रोग, हृदय रोग, किडनी रोग, सांस और फेफड़ा रोग, फिजियोथैरेपी के विशेषज्ञ उपस्थित होंगे। बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच की जायेगी। शिविर में ऑडियोमेट्री ( सुनने की क्षमता जांचने वाला टेस्ट) निःशुल्क किया जायेगा।

### महारोजगार मेला अब 20 मार्च को




**धमतरी।** जिले के विभिन्न व्यवसायिक केन्द्रों, युवा कार्यक्रमों एवं विभिन्न सेक्टरों में कौशल प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध के लिए अब 20 मार्च को महारोजगार मेला का आयोजन लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में किया जाएगा। गौरतलब है कि यह महारोजगार मेला पूर्व में 13 मार्च को लगने वाला था, जो अब 20 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

# औषधीय पौधों से बदलेगी गांवों की तस्वीर, 100 गांवों में रोपण की तैयारी

## छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला धमतरी प्रवास पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला अपने एक दिवसीय प्रवास पर मंगलवार को धमतरी पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने विभिन्न जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों से मुलाकात कर प्रदेश में औषधीय पौधों के विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की।

सबसे पहले श्री शुक्ला ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की और जिले में औषधीय पौधों के रोपण को बढ़ावा देने को लेकर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद वे पत्रकार विशाल ठाकुर के कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन खाली पड़ी जमीन पर औषधीय पौधों का रोपण कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि धमतरी जिले के लगभग 100 गांवों में औषधीय पौधों के रोपण की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए महापौर से भी चर्चा की गई है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि इस योजना को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक गांवों में पौधरोपण हो सके। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाता है, साथ ही उनके रखरखाव और उत्पाद की खरीद की व्यवस्था भी सरकार द्वारा की जाती है।



### वर्तमान में जिले के 34 गांवों में योजना संचालित

श्री शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में जिले के 34 गांवों में यह योजना संचालित हो रही है। किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के साथ औषधीय पौधों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। सतावर, सिंदूर, लेमनग्रास, खस जैसे औषधीय पौधों का रोपण कई गांवों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ क्षेत्र में इन पौधों का बड़े पैमाने पर उत्पादन भी हो रहा है। धमतरी जिले के ग्राम कंडेल में खस का उत्पादन बड़े पैमाने पर हो रहा है। किसानों को डबल आमदनी हो रही है। इसे एनजीओ के माध्यम से और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी पौधरोपण और उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीणों की आय में भी बढ़ोतरी हो सके।

19 हजार से अधिक परिवारों को नहीं मिल रहा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन योजना का लाभ

# भूमिहीन मजदूरों में छाई मायूसी, आर्थिक सहायता के लिए सरकार का ताक रहे मुंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृषक उन्नति, महतारी वंदन जैसी योजनाओं का लाभ मिलने से किसान तथा महिलाएं गदगद हैं। वहीं दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर के हजारों हितग्राही पिछले दो साल से आर्थिक सहायता पाने सरकार का मुंह ताक रहे हैं। भूमिहीन मजदूर सुरेश पटेल, देवनारायण ने बताया कि राज्य सरकार को सत्तासीन हुए दो वर्ष बीत गए हैं। किसानों तथा महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है लेकिन भूमिहीन कृषि मजदूरों से सरकार ने मुंह फेर लिया है। दो साल में उन्हें अब तक फूटी कौड़ी नहीं मिली।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को साल में 10 हजार वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। यह पुरानी योजना राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के स्थान पर लाई गई है। इसका उद्देश्य भूमिहीन मजदूरों को सशक्त बनाना है। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के माध्यम से जिले में भूमिहीन श्रमिकों की ई-केवाईसी तथा पुनः सत्यापन का कार्य कराया गया है। जिले



में 19434 भूमिहीन परिवार थे। जिसमें से 1607 हितग्राही अपात्र पाए गए हैं। मगरलोड ब्लाक के कुछ परिवारों की ई-केवाईसी शेष है।

राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने बताया कि सत्यापन के दौरान कुछ भूमिहीन परिवारों को बंटवारा में जमीन मिली है। कुछ लोगों ने जमीन खरीद ली है। वहीं कई भूमिहीन परिवार का निधन हो गया है जिसके चलते अपात्र की श्रेणी में आ गए हैं। उन्होंने बताया कि जिनके पास कृषि जमीन नहीं है और वनोपज संग्राहक, चरवाहा, बैगा, गुनिया, मांझी एवं अन्य पारंपरिक समुदाय से हैं, तो वे इस योजना के पात्र हैं।

### धमतरी तहसील में सबसे अधिक भूमिहीन मजदूर

जिले की सात तहसीलों में सबसे अधिक भूमिहीन परिवारों की संख्या है। धमतरी के गांवों में 6201 पात्र भूमिहीन मजदूर थे। वर्तमान में किए गए सत्यापन एवं ई-केवाईसी में 513 परिवार अपात्र पाए गए हैं। कुरूद तहसील में 3841 भूमिहीन परिवार में 270 अपात्र, नगरी तहसील में 2295 भूमिहीन परिवार में 263 अपात्र, भखारा तहसील में 2562 भूमिहीन परिवार में 179 अपात्र, बेलरगांव तहसील में 1293 भूमिहीन परिवार में 141 अपात्र, कुकरेल तहसील में 503 पात्र परिवारों में सत्यापन के बाद 48 भूमिहीन परिवार अपात्र पाए गए हैं। मगरलोड तहसील में 2739 भूमिहीन परिवार थे जिसमें से 2671 परिवार के सत्यापन में 193 परिवार अपात्र तथा 68 परिवारों का सत्यापन, ई-केवाईसी शेष है।

# कार में शराब का परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- 96 पौवा अवैध शराब के साथ कार जब्त

दो पेटी अवैध शराब का परिवहन कर रहे युवक को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 96 पौवा अवैध शराब व कार को जब्त कर लिया है।

अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम लिमतरा मोड़ एनएच 30 ओव्हरब्रिज के नीचे एक जायलो कार में अवैध शराब रखकर बिक्री किये जाने की सूचना मिली। जानकारी पर तत्काल सीएसपी के नेतृत्व में अर्जुनी पुलिस की टीम ने बताये गये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर व्यक्ति को कार क्रमांक सीजी 06 एल 0282 के साथ पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम खिलानंद उर्फ



गोलू साहू उम्र 32 वर्ष ग्राम धौराभाठा थाना अर्जुनी निवासी बताया। कार की तलाशी लेने पर भीतर से दो कार्टून बरामद हुए। दोनों कार्टून में 96 पौवा देसी प्लेन शराब पाई गई जिसकी कुल कीमत 7 हजार 680 रूपये आंकी गई। इस संबंध में आरोपी द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अर्जुनी पुलिस ने 96 पौवा देसी शराब व कार कीमत 2 लाख 20 हजार रूपये कुल 2 लाख 27 हजार 680 रूपये जब्त किए। पुलिस ने धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी खिलानंद उर्फ गोलू साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अलग-अलग घटनाओं में गोकुलपुर व केरेगांव थाना क्षेत्र के दो युवकों ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस व परिजनों के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर निवासी कमलकिशोर साहू पिता जनार्दन उम्र 38 वर्ष राइसमिल में काम करता था। कुछ दिनों पहले युवक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती रहा था। वह नशे का आदी था। सोमवार की देर रात्रि युवक ने अमरूद पेड़ पर गमछे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह परिजनों ने पेड़ में युवक को फंदे पर लटका देख कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को फंदे से उतार पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।






- गोकुलपुर व केरेगांव क्षेत्र की घटना

दूसरी घटना केरेगांव थाना क्षेत्र की है। ग्राम पीपरछेड़ी बाजार कुर्रीडीह निवासी नेमन टेकाम पिता सखाराम उम्र 19 वर्ष पढ़ाई छोड़ने के बाद अपने पिता के साथ खेती किसानी का काम कर रहा था। युवक सोमवार की दोपहर गांव से लगे जंगल में पेड़ में गमछे का फंदा बना फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने केरेगांव पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी में भेज दिया। केरेगांव व अस्पताल चौकी पुलिस ने दोनों शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। युवक को नशे का आदी बताया जा रहा है। फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# शीतलाष्टमी पर मां शीतला का सहस्त्रधारा जलाभिषेक आज

**धमतरी।** शीतलाष्टमी पर शहर के दानीटोला वार्ड स्थित श्री शीतला माता मंदिर में 11 मार्च को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मां शीतला का सहस्त्रधारा जलाभिषेक किया जाएगा, जिसमें सुबह से शाम तक श्रद्धालु माता को जल अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक लगातार सहस्त्रधारा जलाभिषेक का कार्यक्रम चलेगा। श्रद्धालु गर्भगृह में प्रवेश कर माता को जल अर्पित कर सकेंगे। शाम 6:30 बजे मां शीतला का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसके बाद हवन, महाआरती और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।



- दिनभर होगा भंडारा और महाआरती

माना जाता है कि भगवती शीतला माता स्वास्थ्य और स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। माता को श्रद्धा और भक्ति के साथ जल अर्पित करने से रोगों से मुक्ति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के साथ हर वर्ष शीतलाष्टमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में दिनभर भंडारा प्रसादी का भी वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति और शीतला माता भक्तजनों ने शहर सहित आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से सहस्त्रधारा जलाभिषेक में शामिल होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

पुलिस कर्मियों के तनाव को कम करने जनरल परेड के दौरान विभिन्न खेलकूद हुए

# खेलकूद के माध्यम से बढ़ी शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस बल के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक तंदुरुस्ती एवं आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन रूद्री में जनरल परेड के दौरान विभिन्न खेल का आयोजन किया गया। इन खेलों में पुलिस अधिकारी व जवानों ने उत्साह से भाग लिया।

पुलिस लाइन में मंगलवार को आयोजित जनरल परेड के दौरान पुलिस अधिकारी व जवानों को विभिन्न टीमों में विभाजित कर कई प्रकार के खेल खिलाए गए। क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबाल, व्हालीबाल, खो-खो सहित अन्य स्पोर्टस गतिविधियों का आयोजन हुआ। इसमें अधिकारियों व जवानों ने भाग लेकर खेल भावना का





परिचय दिया। खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के बीच टीमवर्क, अनुशासन, आपसी सहयोग और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था। आपसी समन्वय, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भाव विकसित होता है। जवान अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक दक्षता के साथ कर पाते हैं। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में परेड के दौरान स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारी व जवानों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस की डयूटी अत्यंत चुनौतीपूर्ण एवं तनावपूर्ण होती है। ऐसे में समय-समय पर इस प्रकार के खेलकूद एवं फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किए जाने से जवानों के शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार आता है। वहीं मानसिक तनाव में भी कमी आती है। खेलकूद से जवानों में नई ऊर्जा व उत्साह का संचार होता है। कार्यक्रम में पुलिस लाइन रुद्री के पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल के जवान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के दसवीं पास अभ्यर्थी 16 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पासपोर्ट साईज के फोटो आदि दस्तावेज के साथ आवेदन सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में जमा कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2 मई को

- जिले में बनाए गए 4 परीक्षा केन्द्र, आवेदन करने की तिथियां निर्धारित

**धमतरी।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के तहत राज्य के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके तहत परीक्षा 2 मई को आयोजित की जाएगी। पहला पेपर सुबह 10 से 11.30 बजे तक और दूसरा पेपर दोपहर 1 से 2.30 बजे तक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। धमतरी विकासखण्ड में डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुरूद विकासखण्ड में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कुरूद, मगरलोड विकासखण्ड में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड और नगरी विकासखण्ड में शहीद अभिषेक गोलछा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी शामिल हैं। परीक्षा के लिए निःशुल्क ऑफलाइन, ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यार्थी के लिए 20 मार्च, प्राचार्य, प्रधान पाठक के लिए 23 मार्च और परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के लिए 2 अप्रैल आवेदन की तिथियां निर्धारित की गई हैं।

### बया समाज का वार्षिक अधिवेशन 15 मार्च को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ बया समाज (पंजीयन क्रमांक 3798) का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 15 मार्च 2026, रविवार को सुबह 10 बजे से विश्वकर्मा भवन बंजारी धाम जुंगेरा (पाररास), जिला बालोद में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन की शुरुआत सुबह 10:30 बजे समाज के इष्ट देव श्री नारायण देव की पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन और स्तुति गान से होगी। इसके पश्चात अतिथियों के स्वागत के साथ सभापति का चयन किया जाएगा तथा श्री सत्यनारायण की पूजा भी संपन्न होगी। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष द्वारा उद्बोधन, समाज के विकास के लिए भावी योजनाओं पर चर्चा, सामाजिक समस्याओं के निराकरण तथा कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष रामरतन बया एवं प्रांतीय महासचिव आनन्दस्वरूप बया संबलपुर-धमतरी ने समाज के महिला, पुरुष, युवक-युवती एवं बुजुर्गों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अधिवेशन को सफल बनाने की अपील की है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद-1, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्रमांक /196/ना.तह./वाचक/2026
कुरूद, दिनांक 17/02/2026
रा.मा.क्र.-202602130100008/अ-74वर्ग/2025-26
ग्राम - चिंवरी प.ह.नं. 28
रा.नि.मं. दरबा तहसील कुरूद,
जिला - धमतरी छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश कुमार साहू पिता स्व.घनश्याम साहू उम्र 46 वर्ष जाति तेली, निवासी ग्राम चिंवरी पोस्ट सिर्री, तहसील कुरूद जिला धमतरी छ.ग. के द्वारा ग्राम चिंवरी प.ह.न. 28 तहसील कुरूद स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 904, रकबा 4 एकड़ एवं खसरा नंबर 900 रकबा 50 डिसमिल को भूतपूर्व सैनिक (भारती थलसेना) को शासन के योजनांतर्गत भूमि आंबटन किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। जो कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद के माध्यम से विस्तृत जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 18/03/2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार कुरूद**
(उपतहसील सिर्री)

### समाज के विकास में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण : तिवारी

# जिला न्यायालय में महिला न्यायाधीशों एवं महिला कर्मचारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी







प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के मार्गदर्शन में कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी में महिला न्यायिक अधिकारियों एवं न्यायिक कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे न्यायपालिका, प्रशासन, शिक्षा, चिकित्सा सहित सभी महत्वपूर्ण और उच्च पदों पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समाज के विकास में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

श्रीमती उषा गेंदले अपर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य, नेतृत्व और वेतन समानता में लैंगिक समानता को गति देना है। महिलाओं के पांच सबसे महत्वपूर्ण अधिकार, शिक्षा का अधिकार, समान वेतन का अधिकार, स्वास्थ्य सेवा का अधिकार, लैंगिक उत्पीड़न से मुक्त कार्य के लिए सुरक्षित वातावरण सम्पत्ति का अधिकार है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम गिव टू गेन अभियान उदारता और सहयोग की मानसिकता को प्रोत्साहित करता है। आगे कहा कि जब महिला समृद्ध होती है तो समाज का भी उत्थान होता है।

श्रीमती नेहा उसेन्डी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ एक तिथि नहीं है बल्कि यह उन असंख्य महिलाओं के लिए एक संकल्प है, एक संदेश है, एक स्मरण है जिन्होंने इतिहास के हर पृष्ठ पर अपनी छाप छोड़ी है। चाहे वह रणभूमि हो, न्यायालय हो, घर-परिवार हो, खेल, खलिहान हो या विज्ञान की प्रयोगशाला हो। वर्ष 1975 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में औपचारिक मान्यता दी गई। कार्यक्रम में सभी महिला न्यायाधीश एवं महिला कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन समस्त थाने के अधिकार मित्रों ने जिले के विभिन्न स्थानों में महिला जागरूकता शिविर आयोजित कर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया।

# खेल महोत्सव में कैरम, मटका फोड़ से क्रिकेट तक का दिखा रोमांच

- अदालत छोड़ मैदान पर उतरे वकील, कर्मचारी संघ बना क्रिकेट चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद





अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव 2026 का 8 मार्च को अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में समापन हुआ। अदालती कामकाज की व्यस्तता छोड़ मैदान पर उतरे वकीलों और कर्मचारियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट कौशल का परिचय दिया।

महोत्सव के प्रथम दिन कैरम पुरुष एकल में जितेन्द्र कंवर और युगल में ईश्वर गायकवाड़ व अंगेश निर्मलकर विजेता रहे। महिला वर्ग में ममता सोनकर व भुनेश्वरी भारती (युगल) तथा पूर्णिमा पैकरा (एकल) ने बाजी मारी। मटका फोड़ में नरेश डिंगरे और कुर्सी दौड़ में राकेश देवांगन प्रथम रहे। दूसरे दिन क्रिकेट का रोमांच चरम पर रहा। मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधेश्याम ध्रुव सहित न्यायाधीश मोहन सिंह कोर्राम, रजत कुमार निराला और निलेश कुमार बघेल की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। फाइनल के कड़े मुकाबले में न्यायालयीन कर्मचारी संघ ने यंग स्टार टीम को हराकर खिताबी जीत दर्ज की। अध्यक्ष रमेश पांडेय एवं जिला अध्यक्ष नीरज तिवारी ने इस आयोजन को आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता लाने वाला सफल प्रयास बताया। इस अवसर पर संरक्षक एल.पी. गोस्वामी, मोहेंद्र चंद्राकर, नरेन्द्र साहू, यशवंत साहू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुरूद और भखारा में स्ट्रीट लाइट के लिए लगभग दो करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत नगर पालिका कुरूद और नगर पंचायत भखारा में स्ट्रीट लाइट स्थापना के लिए राशि स्वीकृत की गई है। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर नगर पालिका कुरूद को 126.07 लाख रुपये तथा नगर पंचायत भखारा को 73.58 लाख रुपये की मंजूरी मिली है। स्वीकृत राशि से दोनों नगरों के विभिन्न वार्डों और प्रमुख मार्गों पर ऑक्टागोनल स्ट्रीट पोल तथा एलईडी लाइट लगाई जाएंगी। इससे नगरों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी और रात के समय आवागमन अधिक सुरक्षित व सुगम हो सकेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इस स्वीकृति को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है। उनका कहना है कि आधुनिक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से नगर की सुरक्षा और सुंदरता दोनों में सुधार आएगा। नागरिकों ने इसके लिए विधायक अजय चंद्राकर का आभार भी व्यक्त किया है।

## स्वच्छता दीदियों, मितानिन, बुजुर्ग महिला का पार्षद ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिसाईपारा पूर्व वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद मेघराज सिंह ठाकुर ने स्वच्छता दीदियों, मितानिन एवं वार्ड की सबसे बुजुर्ग महिला कमला बाई 95वर्ष का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

इस अवसर पर पार्षद श्री ठाकुर ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में स्वच्छता दीदियों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदियां शहर की साफ-सफाई में अपनी अहम जिम्मेदारी निभाती हैं, जिसके कारण शहर स्वच्छ और व्यवस्थित दिखाई देता है। महिला दिवस पर उनका सम्मान करना हम सभी के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर श्वेता ठाकुर, अर्जुन लखवानी, कन्हैया सुखवानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# दिवंगत प्रधानपाठक के परिवार को फेडरेशन ने दी संवेदना राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के पदाधिकारियों ने दिवंगत प्रधान पाठक स्वर्गीय नरेंद्र सोनसाठ के निवास ग्राम कूपपारा सांकरा पहुंचकर उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने उनके तैलचित्र पर पूजा-अर्चना व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रांतीय महामंत्री राजेन्द्र वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य गजानंद सोन, सचिव गोविंद निषाद तथा अंकेक्षक अनिल साहू ने बताया कि संगठन द्वारा विगत कई वर्षों से दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों तक पहुंचकर संवेदना राशि प्रदान करने की परंपरा निभाई जा रही है। इसी क्रम में स्व. नरेंद्र सोनसाठ की पत्नी भागबती साहू, पुत्री नमिता साहू और माया साहू तथा साला संतोष साहू को संगठन की ओर से शॉल, श्रीफल और 76,000 की संवेदना राशि का चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष ममता प्रजापति, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशिकला बैरागी, प्रवक्ता चन्द्रकला नवरंगे, कोषाध्यक्ष चंपेश्वर साहू, उपाध्यक्ष भरत ठगेल सहित बसंत साहू, सुजीत देवांगन और हरीश निर्मलकर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत शिक्षक के परिवार को हर संभव सामाजिक और आर्थिक सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर संगठन की ओर से परिवार को अनुकंपा नियुक्ति, अवकाश नकदीकरण तथा समूह बीमा राशि प्राप्त करने में भी हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।

# रांवा में धूमधाम से मनाई गई होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

ग्राम रांवा में धूमधाम से होली खेली गई। सरपंच ज्ञानिक राम साहू, उपसरपंच पुनारद ढीमर, पूर्व जनपद सदस्य मानिक साहू, पंचगण बंशी निर्मलकर, बोधन साहू, भोज साहू, लालचंद साहू, दानी सिन्हा, हेमू ध्रुव, खोमन सिन्हा,रामू बंजारे, वरिष्ठ नागरिक पुनीत साहू, नामदेव राय, अजय सिन्हा, भुनेश्वर सिन्हा, डॉ महेश गजेन्द्र, अशोक सिन्हा उपस्थित थे। यह जानकारी समाजसेवी लालचंद साहू ने दी।

# आईटीआई के स्वयंसेवक फैलाएंगे जन जागरूकता

- जीजामगांव में नशामुक्ति समाज के लिए संकल्प शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कुरुद द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत ग्राम जीजामगांव में सात दिवसीय नशा मुक्ति समाज संकल्प शिविर का आयोजन 15 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें आईटीआई के स्वयंसेवक विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता फैलाएंगे।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान, शिक्षा दान, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से संबंधित जानकारी तथा नशा मुक्ति जनजागरण जैसे कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच देवचरण चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य गंगा साहू ने की। विशिष्ट अतिथि संतराम साहू, उपसरपंच होरिलाल महिलांगे, शुभम दास बघेल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संतराम साहू ने कहा कि युवाओं के संस्कार और शिक्षा ही उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से समाज में सेवा भावना, स्वच्छता और नशा मुक्ति के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। शुभम दास बघेल ने युवाओं को उत्साह और जोश के साथ अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर सरपंच देवचरण चंद्राकर ने आईटीआई परिवार को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉ. चमनलाल कार्यक्रम अधिकारी तथा सुश्री प्रीति सहित आईटीआई कुरुद परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# पेंशनर समाज को मिली फाइबर चेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

- मोटरसाइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा भी



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेंशनर भवन नगरी में पेंशनर्स समाज द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपनी अध्यक्ष निधि से पेंशनर समाज के सामुदायिक भवन के लिए 100 नग फाइबर चेयर प्रदान की। अपनी अध्यक्ष निधि से साइकिल स्टैंड हेतु 200000 रूपए देने की घोषणा की। ज्ञात हो कि पेंशनर समाज द्वारा पूर्व में एक मांग पत्र के माध्यम से भवन में कुर्सियों की कमी से अवगत कराया गया था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने महिला दिवस के अवसर पर चेयर उपलब्ध कराई। इसके साथ ही उन्होंने पेंशनर समाज सामुदायिक भवन के सामने लगभग 2 लाख की लागत से टिन शेड, मोटरसाइकिल स्टैंड निर्माण कराने की भी घोषणा की। इस अवसर पर पेंशनर समाज के सदस्यों ने नगर पंचायत अध्यक्ष का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रेनलाल देव अंगदराम बनपेला, अलका गजपाल, लक्ष्मण प्रसाद गजपाल, शारदा प्रसाद, शकुन कश्यप, हिममडी सोम, मोहन साहू सहित नगर पंचायत के सभापति अश्वनी निषाद, शंकरदेव, अलका साव उपस्थित थे।

## मगरलोड में महिला दिवस पर महतारी सम्मेलन एवं उत्कृष्ट महिलाओं का हुआ सम्मान

# आज महिलाएं अपनी मेहनत, प्रतिभा के बल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं : बीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड






अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मगरलोड विकासखंड के मधुबन धाम में महतारी सम्मेलन एवं उत्कृष्ट महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान और समाज निर्माण में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष मगरलोड बीरेन्द्र साहू थे। अध्यक्षता जिला पंचायत धमतरी की सभापति श्रीमती मीना साहू ने की। विशेष अतिथि राजेश साहू जनपद सभापति, श्रीमती नंदनी साहू जनपद सभापति, श्रीमती अनीता देशमुख जनपद सदस्य, विनीता साहू जनपद सदस्य, हेमलता ध्रुव जनपद सदस्य, पूनम साहू जनपद सदस्य, मनीषा ध्रुव सरपंच मेघा, केवल वर्मा सरपंच बोड़रा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुमित गांडेचा, श्रीमती श्रद्धा गौतम तथा डोमार बिंझेकर थे।

मुख्य अतिथि बीरेन्द्र साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं अपनी मेहनत, प्रतिभा और समर्पण के बल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

श्रीमती मीना साहू ने महिलाओं को शिक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुल 19 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और उत्कृष्ट महिला सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप आदिवासी समाज ने की निंदा

**नगरी।** भारत की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि राज्य की ममता बनर्जी की सरकार ने राष्ट्रपति को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जाने से रोक दिया, जिसे लेकर आदिवासी समाज ने कड़ी नाराजगी जताई है। समाज के प्रतिनिधियों ने इसे राष्ट्रपति पद का अपमान और असम्मानजनक व्यवहार बताया है। उनका कहना है कि जब देश अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, तब देश की सर्वोच्च पद पर आसीन एक आदिवासी महिला के साथ ऐसा व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है। आदिवासी समाज ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए सम्मान बनाए रखने की मांग की है।

### कोलियारी से खरेंगा तक सीसी रोड बनाने की मांग



■ कलेक्टर जनदर्शन में कलारतराई के उपसरपंच ने सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में सौंपे ज्ञापन में ग्राम पंचायत कलारतराई के उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने कहा कि लगभग 84 करोड़ की लागत से कोलियारी खरेंगा जोरातराई सड़क का निर्माण हो रहा है। कोलियारी से खरेंगा तक रेत वाहनों का आवागमन होता है। इससे सड़क के क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि डामर की बजाय सीसी रोड ज्यादा मजबूत और टिकाऊ रहता है। उन्होंने कोलियारी से खरेंगा 6 किलोमीटर तक सीसी रोड निर्माण की मांग की है।

### होली मिलन एवं वार्षिक सम्मेलन 18 को

**कोर्रा-भखारा।** परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय होली मिलन समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन, मां कर्मा महोत्सव का आयोजन ग्राम मोखा मड़ईभाठा में 18 मार्च को होगा। सुबह 9 बजे से कलश निकाली जायेगी। 11 बजे से श्री कृष्णा जस एवं फाग मंडली गातापार की प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि चंदूलाल साहू अध्यक्ष बीज निगम आयोग छग होंगे। अध्यक्षता ओंकार साहू विधायक धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि रंजना साहू प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, गणेश राम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, प्रदीप कुमार साहू संयुक्त सचिव प्रदेश साहू संघ, कामताप्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा, देहुति साहू जनपद सदस्य, रेखा शेषनारायण साहू जनपद सदस्य, डॉ सीएल साहू बाल रोग विशेषज्ञ, चंद्रेश चांद सरपंच मड़ईभाठा, भीखम देवांगन ग्राम पटेल, गिरधारी यादव अध्यक्ष ग्राम विकास समिति होंगे। यह जानकारी परिक्षेत्र अध्यक्ष नरेंद्र साहू, सचिव डॉ गिरवर साहू ने दी है।

### भेंडरवानी में हुआ फाग गीत एवं झांकी कार्यक्रम

**अंवरी।** ग्राम भेंडरवानी (भखारा) में श्री राधे कृष्ण फाग समिति द्वारा फागगीत एवं झांकी कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं एआईसीसी राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली पहुंचे। कार्यक्रम में घनश्याम साहू अध्यक्ष, बहुर साहू, अमृत दास, पूनम साहू, लालजी साहू समेत ग्रामवासी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश

# महानदी रिवर बोट चैम्पियनशिप अब 22 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, कृषि, उद्योग, शहरी विकास तथा अवसंरचना से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी योजनाओं का लक्ष्यानुरूप, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में नगर निगम धमतरी में प्रस्तावित हाईटेक बस स्टैंड, बॉक्स क्रिकेट, मकई गार्डन सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई।

अधिकारियों ने बताया कि बस स्टैंड निर्माण से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पूर्ण हो चुकी हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रस्तावित महिला स्किल सैटेलाइट सेंटर और इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस सेंटर की प्रगति की भी समीक्षा की।

### सभी पंचायतों में बनेंगे अटल व्यावसायिक परिसर

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11 मार्च को आयोजित होने वाली महानदी रिवर बोट चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन अब 22 मार्च को गंगरेल जलाशय में किया जाएगा, जिसके लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी बड़ी पंचायतों में अटल व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया जाना है, इसलिए संबंधित एसडीएम भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें।

### ई-कोर्ट के प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण

बैठक में प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत चना खरीदी की प्रगति की जानकारी ली तथा प्रधानमंत्री किसान एग्रीस्टैक की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जिले में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए इस सप्ताह अधिकाधिक डीओ जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-कोर्ट के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए विभागीय योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## धीवर समाज की 24 महिलाएं हुईं सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर धीवर समाज की 24 महिलाओं को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम शीतला माता मंदिर परिसर में हुआ। मौके पर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा, कीर्तन मीनपाल, फिरोज हिरवानी, शत्रुघ्न धीवर, करण हिरवानी, महिला प्रकोष्ठ की महासंरक्षक संध्या हिरवानी, अध्यक्ष आशा धीवर, शीला धीवर, धृति हिरवानी,वेणुका हिरवानी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश नाग सहसचिव ने किया।

## एक रुपए में शुद्ध पानी देने वाले वाटर एटीएम बंद



■ लाखों रुपये की लागत से स्थापित मशीनें खा रही धूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत में आम लोगों को सस्ती दर पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए वाटर एटीएम कई महीनों से बंद पड़े हैं। लाखों रुपये की लागत से स्थापित ये मशीनें अब खराब होकर कबाड़ जैसी स्थिति में नजर आ रही हैं। कई स्थानों पर मशीनों के आसपास साफ-सफाई का भी अभाव है।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी गेट के पास स्थित वाटर एटीएम केंद्र की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। मशीन धूल से अटी पड़ी है और लंबे समय से बंद है। ज्ञात हो कि नगर में लोगों को मात्र एक रुपये में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन वाटर एटीएम की स्थापना की गई थी, लेकिन देखरेख के अभाव में अधिकांश मशीनें बंद पड़ी हैं।

बस स्टैंड नगरी, बजरंग चौक नगरी और बरगद चौक नगरी में लगे वाटर फिल्टर से लोगों की प्यास तो बुझ रही है, लेकिन वहां भी साफ-सफाई का अभाव देखा जा रहा है। गर्मी के मौसम में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से बाहर से आने वाले ग्रामीणों, राहगीरों और नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में नगर पंचायत नगरी के सीएमओ ने कहा कि मामले की तत्काल जांच कराई जाएगी और खराब पड़ी वाटर एटीएम मशीनों को जल्द सुधारने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

## मानव वन गंगरेल में बिजली कर्मचारी महासंघ ने मनाया होली मिलन

■ संभागीय कार्यकारिणी की घोषणा हुई, लालजी साहू पुनः अध्यक्ष, रमाकांत सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ शाखा धमतरीकुरुद द्वारा मानव वन गंगरेल में होली मिलन एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के सदस्य अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर महिलाओं का सम्मान करते हुए पारिवारिक वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के पहले सत्र में महिलाओं को समर्पित विशेष आयोजन किया गया, जिसमें स्वागत गीत और श्रमिक गीत की प्रस्तुति दी गई। कनिष्ठ महिलाओं ने वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया, वहीं वरिष्ठ महिलाओं ने भी कनिष्ठ महिलाओं का सत्कार किया। इस दौरान सभी महिलाओं ने अपना परिचय देते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। महिला सत्र का संचालन एकता सिंह ने किया।

दूसरे सत्र में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्रमिक संगठन की भूमिका और गतिविधियों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का उद्देश्य श्रमिकों के हितों की रक्षा करना और समाज के शोषित तथा वंचित वर्ग के लिए कार्य करना है। इस दौरान नई संभागीय कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई, जिसमें लालजी साहू को पुनः संभागीय अध्यक्ष, रमाकांत साहू को सचिव और लालाराम साहू को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही अन्य पदों पर भी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गईं।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में मनोरंजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिलाओं और बच्चों के लिए कुर्सी दौड़ तथा अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। समारोह में 41 महिला श्रमिकों और गृहिणियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पीयूष कुमार सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन पुनारद राम साहू द्वारा किया गया।

## जगत में सबसे महंगा है निःस्वार्थ प्रेम : रूचिता



■ सिवनीकला में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिवनीकला में सागर गौ सेवा केंद्र के समीप धर्मप्रेमी परिवार द्वारा 9 मार्च से 16 मार्च तक संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन किया गया है। कथावाचिका राष्ट्रीय प्रवक्ता रूचिता तिवारी व्यासपीठ पर विराजमान हैं। कथा दोपहर 2 बजे से शुरू होती है। 9 मार्च की शाम को कथावाचक का धर्मप्रेमी परिवार द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। इसके बाद श्रीमद भागवत महापुराण का शुभारंभ हुआ।



10 मार्च को कथावाचिका ने कपिल व्याख्यान और ध्रुव चरित्र की कथा बताई गई। उन्होंने कथा में बताया कि भागवत रूपी अमृत जो भी पिएगा, उसके भीतर काम, क्रोध, लोभ, मोह नहीं रह जाएगा। सबसे बड़ा अमृत भागवत का अमृत है। इस अमृत का कोई मोल नहीं है। भागवत से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं हो सकता है। भागवत कथा सुनने की जिज्ञासा भक्तों को पहले ही रखनी चाहिए। आगे बताया कि जगत में सबसे महंगा निःस्वार्थ प्रेम है। जहां समय का अभाव हो जाता है तो वहां प्रेम कम हो जाता है। अपने रिश्तों को समय जरूर देना चाहिए। माता-पिता को चाहिए कि बच्चे को प्रेम के साथ ही संस्कारवान बनाएं जिससे वह उनका जीवन सफल हो जाए। कथा सुनने भीड़ उमड़ी रही है।

## कुरुद में हुई एनएसयूआई की बैठक, संगठन विस्तार पर जोर



■ जागेन्द्र सिंह बने कुरुद के नए ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में कुरुद ब्लॉक की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्ययोजना और छात्र हितों के लिए संघर्ष पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष श्री देवांगन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन विस्तार और अधिक से अधिक नए छात्रों को संगठन से जोड़ने की प्राथमिकता तय की।

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि एनएसयूआई की छात्र हितैषी कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर जिले भर में छात्र-छात्राएं लगातार संगठन की सदस्यता ले रहे हैं। जिले भर में जिलाध्यक्ष द्वारा सतत दौरा कर नए छात्रों को जोड़ा जा रहा है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिल रही है।

संगठन को गति देने के लिए जिलाध्यक्ष ने कुरुद ब्लॉक एवं कॉलेजों के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की। जागेन्द्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कुरुद होमेन्द्र साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाए गए।

ऋषभ बंजारे अध्यक्ष संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद, युगल बैस अध्यक्ष दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव, अजय दीवान अध्यक्ष कुरुद ब्लॉक स्कूल यूनिट बनाए गए। बैठक में जिला महासचिव तेजप्रताप साहू, सचिव सुदीप सिन्हा, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ पाल, मगरलोड ब्लॉक अध्यक्ष सूरज सिन्हा, कुरुद विधानसभा उपाध्यक्ष यश चंद्राकर, नवीन साहू, आदित्य साहू, रोहन साहू, विनय दीवान, ललित यादव, चित्रांश पटेला, ड्रोन बघेल,हिमांशु साहू सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डमकाडीही मुक्तिधाम के विकास के लिए 28 लाख स्वीकृत







■ नगर पंचायत को मिली नई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी में विकास कार्यों की कड़ी लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 1 स्थित डमकाडीही मुक्तिधाम के विकास के लिए 28 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने से नगरवासियों में खुशी का माहौल है। इस राशि से मुक्तिधाम में सौंदर्यीकरण, पाथवे निर्माण और अन्य आवश्यक विकास कार्य किए जाएंगे, जिससे अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को बेहतर और व्यवस्थित सुविधाएं मिल सकेंगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कवि स्वर्गीय सुरेंद्र दुबे ने प्रदेश के एक मुक्तिधाम की सुंदरता देखकर उसकी खूब सराहना की थी। तब से प्रदेश के कई क्षेत्रों में उसी तरह के व्यवस्थित और सुंदर मुक्तिधाम बनाने की इच्छा जताई जाती रही है। अब यह सपना नगरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 के डमकाडीही मुक्तिधाम में साकार होने जा रहा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के कार्यकाल में नगर में लगातार नए विकास कार्य स्वीकृत हो रहे हैं। अध्यक्ष बनने के बाद से उन्होंने नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई पहल की है। इसी प्रयास के तहत डमकाडीही मुक्तिधाम के विकास के लिए यह स्वीकृति प्राप्त हुई है।

इस कार्य के लिए वार्ड पार्षद राजा पवार और देवचरण ध्रुव ने प्रमुख रूप से मांग उठाई थी। अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा और लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्विनी निषाद के प्रयास से यह प्रस्ताव आगे बढ़ा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा के बाद इस कार्य को मंजूरी मिली। इस स्वीकृति से नगर पंचायत नगरी के विकास कार्यों में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ गई है। नगरवासियों ने इस उपलब्धि पर नगर पंचायत की वर्तमान टीम की सराहना की है।

## सत्य, करुणा और त्याग के मार्ग से मिलेगी आत्मिक शांति

■ संत आगम सागर और पुनीत सागर की जैन समाज ने बाजे-गाजे के साथ की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लंबे अंतराल के बाद नगर में पधारे दिगंबर जैन संतों का स्वागत धूमधाम से किया गया। जैन श्री संघ ने रत्नाबांधा चौक पर जगदलपुर से आ रहे मुनिसंघ की अगवानी की और बाजे-गाजे के साथ उन्हें लेकर दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे। विख्यात दिगंबर जैनाचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य 108 मुनि आगम सागर जी महाराज और 108 मुनि पुनीत सागर जी महाराज का नगर में संघ प्रवेश मंगलवार को सुबह आठ बजे हुआ। संत समूह लालबगीचा स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर परिसर में विराजमान है।

इस अवसर पर मुनि आगम सागर महाराज और मुनि पुनीत सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, संयम, अहिंसा और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में आत्मिक शांति और सुख प्राप्त करने के लिए सत्य, करुणा और त्याग के मार्ग को अपनाना आवश्यक है। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग और श्रद्धालु उपस्थित थे। मुनियों के आगमन से जैन समाज में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

### नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलती है



रत्नाबांधा चौक के पास नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने जैन मुनियों का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि संत-महात्माओं का नगर में आगमन समाज के लिए सौभाग्य की बात होती है। उनके सान्निध्य से लोगों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिलता है और समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलती है।

### साधु संतों, मुनियों का आगमन धमतरी को और भी धन्य बनाता है : रंजना



रत्नाबांधा चौक में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने मुनिजनों का अभिनंदन किया और आशीर्वाद लिया। श्रीमती साहू ने कहा कि धर्म की नगरी धमतरी में साधु संतों, तपस्वियों और मुनियों का आगमन इस धरा को और भी पवित्र बनाता है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज जैन समाज के मुनिजनों का सत्कार करने का हमें अवसर प्राप्त हुआ है।

## ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को मिला सामाजिक दायित्व

# जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ का विस्तार



**धमतरी।** जिला साहू संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सहमति एवं युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अरुण साहू की अनुशंसा पर युवा प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया है। जिलाध्यक्ष अरुण साहू ने ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को सामाजिक दायित्व दिया है। दुर्गेश गंजीर नगरी सहसंयोजक, खेमेन्द्र साहू कोर्रा संगठन मंत्री, नितेश गंजीर जोरातराई कोषाध्यक्ष, कामता साहू बगदेही वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हरीश साहू भखारा उपाध्यक्ष, ओमआशीष गजपाल हंचलपुर, बीरेंद्र साहू बगदेही, प्रीतम साहू छाती, दीपक साहू नवागांव, देवचरण साहू चमसूर, दीपक साहू भाठागांव, वेदराम मेघा, हिमांशु साहू भाठागांव, युगल किशोर धमतरी, युगल किशोर मीडिया प्रभारी, हेमेंद्र कोर्रा सचिव, संगठन सचिव भुवन साहू भेंडरी, लोकेश्वर साहू, हीरालाल साहू, लीलेश, हिमाचल खपरी, खेमचंद सौंगा, तुलेश साहू मुजगहन, संगठन सचिव मनीष साहू भठेली, हेमेंद्र कोर्रा, दीपक सौराबांधा, आर्यकुमार लोहारपथरा, रामप्यारी मगरलोड, मंत्रिमंडल में धर्मेंद्र साहू मेघा, भोलाराम धौराभाठा, हेमप्रकाश उड़ेना, डार्विन साहू बोड़रा, नागेश साहू परसट्ठी शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में पुष्पेंद्र साहू, राघवेंद्र साहू, पिंटू साहू, अशराज,भुवनेश्वर, योगेश, दीनानाथ साहू,, पप्पू गौतम साहू, लोकेश,शंकर युवराज साहू, राजू, राजेंद्र नोमेश साहू शामिल हैं। नियुक्ति पर विपिन साहू, दयाराम साहू, चितरंजन साहू, जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू, विजय साहू, संतराम साहू, गोपाल साहू ने हर्ष जताया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दरगहन में प्रज्ञा पुराण 13 से

**धमतरी।** गायत्री प्रज्ञा मंडल, युवा मंडल व महिला मंडल के सहयोग से ग्राम दरगहन में 13 से 15 मार्च तक गायत्री महायज्ञ के साथ वैदिक मंत्रों की गूंज रहेगी। इस 5 कुण्डीय यज्ञ में सुख समृद्धि की आहूति डालकर कथा का श्रवण लाभ लेंगे। दशकों बाद आयोजित गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। यज्ञाचार्य व कथावाचक युग पुरोहित कौशिक नारायण होंगे। गायत्री परिवार गुजरा इकाई के रेखराम साहू, डामन साहू, लिकेश साहू ने बताया कि रोज सुबह 9 से 11 बजे तक यज्ञ व विविध संस्कार होंगे। इसके बाद प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से गुरुदेव के संदेश का श्रवण लाभ ले सकेंगे। ग्राम प्रमुख सियाराम साहू, रामनारायण साहू, बोहरिक राम ध्रुव, सुदर्शन राम, जगदीशराव पवार, हेमकुमारी, उषा बाई ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### महिलाएं अपने अधिकारों के लिए सजग रहें : पूना गौतम

**धमतरी।** नागदेव महिला मंडल हटकेशर की अध्यक्ष श्रीमती पूना



देवी गौतम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 8 मार्च को महिला दिवस मनाया जाता है, लेकिन केवल एक दिन कार्यक्रम करने से महिलाओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। आज भी समाज में कई स्थानों पर महिलाओं को कमजोर समझा जाता है और उनका उत्पीड़न किया जाता है। महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। श्रीमती गौतम ने कहा कि शिक्षा और संस्कार महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है। महिलाएं स्वयं को कमजोर न समझें, बल्कि अपने अधिकारों के लिए सजग रहते हुए परिवार और समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### प्राचार्य मंच ने दी स्व. मनोज को श्रद्धांजलि

**धमतरी।** डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य के रूप में कार्यरत मनोज साहू का 9 मार्च को हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। स्व. साहू सरल, सहज, मृदुभाषी व्यवहार कुशल एवं मिलनसार थे। प्राचार्य मंच जिला धमतरी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी है एवं उनके आकस्मिक निधन को अपूरणीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला अध्यक्ष टी आर नागवंशी, जिला सचिव गेवाराम नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी रामानंद साहू, उपाध्यक्ष प्रतिमा साहू, सचिव किशोर कुमार साहू, कोषाध्यक्ष केशव कुमार साहू, वरिष्ठ प्राचार्य गण बी मैथ्यू, शैलजा पांडे, पूनम पांडे, रविंद्र साहू, राजकुमार शर्मा, देवनाथ साहू, राहुल नेताम, अनिभा अग्रवाल सहित अन्य शामिल हैं।

पानी रोकने स्टॉप डेम पर दो साल बाद भी नहीं लग पाया गेट

# लाखों की लागत से बने स्टॉप डेम क्षतिग्रस्त वन्यजीवों के लिए जल संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





नगरी विकासखंड के जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों को गर्मी के दौरान पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए स्टॉप डेम पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन जल संरचनाओं पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद उनके जल्दी खराब होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं जंगलों में पानी की कमी के कारण वन्यजीवों के गांवों की ओर आने की आशंका भी बढ़ती दिखाई दे रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरी रेंज अंतर्गत गजकन्हार के जंगल क्षेत्र में 2 वर्ष पहले गर्मी के दौरान वन्यजीवों के लिए पानी रोकने के उद्देश्य से स्टॉप डेम का निर्माण कराया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार पहली ही बारिश में डेम का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पानी का बहाव रुक नहीं पाया। बताया जाता है कि निर्माण के दौरान पानी रोकने के लिए आवश्यक गेट भी नहीं लगाया गया था, जिसके कारण संरचना प्रभावी रूप से काम नहीं कर पाई। बाद में विभाग द्वारा अस्थायी रूप से मिट्टी भरकर मरम्मत की गई, लेकिन इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। इसी प्रकार नगरी मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम गजकन्हार के जंगल क्षेत्र (बीट क्रमांक 273) एवं आसपास बने एक अन्य स्टॉप डेम की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। बारिश के दौरान डेम के किनारों की मिट्टी बह जाने से उसकी संरचना कमजोर हो गई थी। विभाग द्वारा बाद में मिट्टी भरकर मरम्मत का प्रयास किया गया, किंतु स्थानीय लोगों का कहना है कि यह उपाय स्थायी नहीं है और अगली बारिश में फिर नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में पर्याप्त जलस्त्रोत नहीं होने से वन्यजीव पानी की तलाश में गांवों के आसपास आने लगे हैं, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है और मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका भी बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा करने तथा भविष्य में मजबूत और टिकाऊ जल संरचनाएं बनाने की मांग की है, ताकि जंगलों में वन्यजीवों के लिए स्थायी जल व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी नगरी से जानकारी लेने के लिए वन विभाग कार्यालय पहुंचे तब विभागीय अधिकारी वहां मौजूद नहीं थे। दूरभाष के माध्यम से जब हमने रेंजर से जानकारी मांगी तब उन्होंने जानकारी देने से साफ मना करते हुए कहा कि कार्यालय से जानकारी ले लीजिए। वहीं कर्मचारी ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

# भाजपाइयों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



- राष्ट्रपति के कथित अपमान के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा और युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को शहर में विरोध प्रदर्शन किया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोपहर 3 बजे गांधी मैदान में एकत्रित होकर ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की और घटना की निंदा की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन राष्ट्रपति के प्रति किसी भी प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी अस्वीकार्य है। उन्होंने इस तरह की टिप्पणियों को लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत बताते हुए विरोध दर्ज कराया। पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे और राष्ट्रपति के सम्मान की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की। कार्यकर्ताओं ने भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की भी मांग की।

### निरई में जातरा पर्व व मेला 22 मार्च को



**धमतरी।** विकासखंड मगरलोड के ग्राम निरई (मोहेरा) में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर निरई माता जातरा पर्व एवं मेला का आयोजन 22 मार्च रविवार को किया जाएगा। जय निरई माता सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक पर्व में सुबह से ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। कार्यक्रम के तहत चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी के दिन प्रातः 9 बजे से माता निरई की विधि-विधान से पूजा-अर्चना आरंभ होगी। यहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ ग्रामीण संस्कृति और परंपरा की झलक भी देखने को मिलेगी। जय निरई माता सेवा समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से माता का दर्शन करने तथा जातरा पर्व को सफल बनाने की अपील की है।

# मेनोनाईट स्कूल में महिला शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में महिला शिक्षिकाओं के सम्मान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति और शाला परिवार के सदस्यों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण और सम्मान का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के मैनेजर एम. के. मसीह ने कहा कि नारी समाज की शक्ति और प्रेरणा का स्त्रोत है। आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, राजनीति, खेल सहित अनेक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन कर रही हैं। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनुपमा सिंह ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इसलिए हमें सदैव उनका सम्मान करना चाहिए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी ने महिला सम्मान और समानता का संकल्प लिया।

# बीके संस्था आध्यात्मिक मूल्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही : ओंकार

- शिव सरोवर में शिव बाबा का ध्वज फहराकर ईश्वरीय सेवाओं की हुई नई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में नव निर्माणाधीन शिव सरोवर (रत्नाबांधा रोड वंदना विहार कॉलोनी) में शिव बाबा का ध्वज फहराकर ईश्वरीय सेवाओं की नई शुरुआत की गई। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, वरिष्ठ पत्रकार दीपक लखोटिया, सामाजिक कार्यकर्ता डूमनलाल ध्रुव तथा ब्रम्हाकुमारी धमतरी की प्रभारी सरिता दीदी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ शिव बाबा का ध्वज फहराकर एवं भोग अर्पित कर किया गया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि परमात्मा शिव के अवतरण को लगभग 90 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। आज ब्रम्हाकुमारी की सेवाएं पूरे विश्व में फैल चुकी हैं। संस्था आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यदि हम अच्छा सोचेंगे और अच्छा करेंगे तो निश्चित रूप से अच्छा ही प्राप्त होगा। श्री लखोटिया ने कहा कि परमात्मा शिव ने इस महाकल्याणकारी कार्य के लिए माताओं और बहनों को माध्यम बनाया है। सरिता दीदी ने कहा कि शिव सरोवर आने वाले समय में आध्यात्मिक जागरण का प्रमुख केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में लगभग 800 लोग की उपस्थिति रही। मंच संचालन प्राजक्ता बहन ने किया। सभी को ब्रह्माभोजन कराया गया।

# बढ़ती गर्मी को देखते स्कूलों को सुबह पाली में लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसी संबंध में छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर स्कूलों के संचालन समय में बदलाव की मांग की है। उन्होंने शासन और स्कूल शिक्षा विभाग का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि प्रदेश के कई जिलों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

संघ ने अपने पत्र में बताया कि वर्तमान में कई शालाएं दो पालियों में संचालित हो रही हैं। दूसरी पाली में पढ़ने वाले बच्चों को दोपहर की तेज धूप में घर लौटना पड़ता है, जिससे डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक (लू) जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। खासकर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छोटे बच्चों के लिए यह स्थिति अधिक चिंताजनक है।

संघ ने शासन से मांग की है कि राज्य की सभी शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों को सुबह एक ही पाली में संचालित किया जाए। इसके लिए सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक का समय निर्धारित करने का सुझाव दिया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभाग जल्द ही इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेगा।

# भाजपा जनजातीय समाज के उत्थान और विकास के लिए प्रतिबद्ध : बैस

- भाजपा जिला कार्यालय में हुई अनुसूचित जनजाति मोर्चा की परिचयात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, जनजातीय समाज के बीच भाजपा की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि भाजपा हमेशा से जनजातीय समाज के उत्थान और विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक योजनाएं चला रही है।

भाजपा जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही संभव है। उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को और सशक्त बनाते हुए समाज के बीच लगातार संवाद बनाए रखें।

भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ता आधारित है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के माध्यम से जनजातीय समाज के मुद्दों को संगठन तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन पुजारी ने कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ता जनजातीय समाज के बीच जाकर भाजपा की रीति-नीति और सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। बैठक में नगरी जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांक मिश्रा, अजजा मोर्चा महामंत्री रामखिलावन कंवर, श्याम मंडावी, मंडल अध्यक्षगण लेखराम नेताम, राम रोशन ध्रुव, उमेश्वर नेताम, रामकुमार ध्रुव, कचरूराम नेताम, दुलेश्वर ध्रुव, नंदकुमार नेताम, पीतांबर ध्रुव, कृपाराम ध्रुव, नागेंद्र बोरझा, विमल ध्रुव, अक्तू ध्रुव, प्रेमलाल सलाम, रूपाली ध्रुव, दिलीप नाग, नरेश कंवर, ललित दीवान, अरुण कंवर मौजूद थे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने दी है।

# विधानसभा में परिवहन व्यवस्था पर घमासान, विधायक ने उठाए सवाल



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में परिवहन व्यवस्था को लेकर जोरदार बहस देखने को मिली। विधायक ओंकार साहू ने प्रदेश में व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया और परिवहन नियमों के उल्लंघन के मामलों को लेकर सरकार से कई अहम सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में कितने व्यावसायिक वाहनों को बिना भौतिक परीक्षण के फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं और इसका जिला-वार विवरण क्या है।

विधायक साहू ने यह भी जानकारी मांगी कि इस अवधि में ओवरलोडिंग, बिना परमिट संचालन और बिना बीमा के चलने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कितने प्रकरण दर्ज किए तथा उनसे कितनी राशि की वसूली की गई।

इस पर परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने जवाब देते हुए कहा कि विभाग के पास बिना भौतिक परीक्षण के फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। हालांकि उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में ओवरलोडिंग और बिना परमिट संचालन के कुल 77,810 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनसे करीब 42 करोड़ 79 लाख 5 हजार 300 रुपये की वसूली की गई है।

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विधायक ओंकार साहू ने कहा कि प्रदेश में कई जगहों से बिना सही भौतिक परीक्षण के भी वाहनों को फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के पास इसकी जानकारी नहीं है तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

विधायक साहू ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और

# होली मिलन समारोह में दिया सामाजिक एकता का संदेश



**धमतरी।** ग्राम देमार में नवयुवक फाग महोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में होली मिलन समारोह एवं फाग गीत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य डीपेंद्र साहू ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में आपसी मतभेदों को दूर कर सभी को एकजुट होकर खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की फाग परंपरा हमारी लोकसंस्कृति की अमूल्य धरोहर है। फाग गीतों के माध्यम से गांवों में आनंद और उत्साह का वातावरण बनता है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई फाग मंडलियों ने झांकी की शानदार प्रस्तुति दी। मौके पर संरक्षक बिमलेश मीनपाल, शीतकुमार साहू (पूर्व सरपंच), अध्यक्ष हरवंश चंद्रवंशी मीनपाल, उपाध्यक्ष दुर्गांत पटेल, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव विनोद कुमार मीनपाल, प्रचार मंत्री होमेश मीनपाल, बोड़रा सोसायटी अध्यक्ष चिरौंजी लाल साहू, ब्राह्मणपारा वार्ड पार्षद कोमल सार्वा, पंकज साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।




शौचालय से उठने वाली बदबू से लोग हो रहे परेशान

# तहसील कार्यालय में पेयजल का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





तहसील कार्यालय नगरी में स्थित लोक सेवा केंद्र, आधार कार्ड पंजीयन केंद्र, आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र, सहित विभिन्न विभागीय कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचते हैं। क्षेत्र के कई गांव नगरी मुख्यालय से 60 से 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जहां से लोग अपने आवश्यक कार्यों को लेकर तहसील कार्यालय आते हैं। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग एवं छोटे-छोटे बच्चों के साथ उसके परिवार भी शामिल हैं।

कार्यालय परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि तहसील कार्यालय में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें बाहर जाकर पानी पीना पड़ रहा है। कई लोगों को मजबूरी में 20 रुपये की पानी बोतल खरीदनी पड़ रही है।

कार्यालय परिसर के एक कोने में एक वाटर फिल्टर पड़ा हुआ है, लेकिन वह उपयोग में नहीं है। इसके कारण लोग प्यासे रह जा रहे हैं। आने वाले गर्मी के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, जिससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में जब अनुविभागीय अधिकारी प्रीति दुर्गम से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ दिनों के भीतर तहसील कार्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था कर दी जाएगी। शौचालय की साफ सफाई के लिए नगर पंचायत को आवेदन के माध्यम से अवगत करा दिया गया है।

